सार-समाचार

सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स का प्रदर्शन

झुंझुनूं (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। वॉलंटियर्स ने कार्य आवंटन में पारदर्शिता लाने और रोटेशन प्रणाली लागू करने की मांग उठाते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड महिपाल पूनिया ने बताया कि वर्ष 2025 बैच के प्रशिक्षित वॉलंटियर्स को दरकिनार कर कुछ चुनिंदा लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो न तो नियमानुसार प्रशिक्षित हैं और न ही पात्रता की शर्तों पर खरे उतरते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था में भाई-भतीजावाद हावी है, जिससे योग्य स्वयंसेवकों के साथ अन्याय हो रहा है। प्रदर्शन के पश्चात कॉमरेड पूनिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सभी वॉलंटियर्स को तय नियमों एवं शर्तों के अनुसार ड्यूटी दी जाए, ड्यूटी का आवंटन रोटेशन प्रणाली के आधार पर किया जाए तथा सभी स्वयंसेवकों को पहचान पत्र जारी किए जाएं। जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में अमन भालोठिया, अजय कुमार, सौरव कल्याण, अनिता और सपना शामिल रहे। वहीं प्रदर्शन में अजय कुमार, विजेंद्र कुमार सैनी, महेश सैनी, सुरेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, मोहम्मद इरफान, प्रियंका कुमारी, सुनील कुमार, मनोज कुमार, नाजिम गुर्जर, विजय कुमार, पंकज सैनी, रविन्द्र, पवन कुमार, हेमंत, मुकेश कुमार, राजकुमार, बंटी सैनी सहित बडी संख्या में वॉलंटियर्स मौजूद रहे।

ब्रह्मचारियों ने राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में परचम लहराया

चूरू (निसं)। राजस्थान राज्य जिम्नास्टिक संघ की ओर से 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में चूरू जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में जिले का परचम लहराया। जिला जिम्नास्टिक संघ चूरू की टीम में शामिल श्री ऋषिकुल ब्रह्मचार्य आश्रम के दो ब्रह्मचारी तेजस्व शर्मा व श्रवण सारस्वत ने प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग अलर्ट

- 'एक ही क्षेत्र से मरीज आएं तो तुरंत दें सूचना'
- चिकित्सा विभाग की टीमें घर घर सर्वे कर रही है

सीकर, (निसं)। जिले में मौसमी बीमारियों और गर्मी के कारण बढ़ते तापमान के प्रभाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की एक हजार से अधिक टीमें जिले में घर घर जाकर सर्वे कर रही हैं। साथ ही गंदा पानी एकत्रित नहीं होने, घरों में पक्षियों के लिए लगाए गए परिण्डे, छत पर रखे टायर, कूलर आदि की जांच की जा रही हैं।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने सभी खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी क्षेत्र से एक ही प्रकार के रोगों के मामले बड़ी संख्या में सामने आते हैं, तो बिना देरी किए इसकी सूचना तत्काल जिला मुख्यालय पर देवें। साथ ही फिल्ड में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किए जा रहे सर्वे के कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करने और संदिग्ध मामलों की समय पर रिपोर्टिंग करने के लिए पाबंद किया है।

अस्पताल की ओपीडी में आने वाले तथा घरों पर मिलने वाले बुखार से पीडित रोगियों की ब्लड स्लाइड लेकर जांच करवाने के और बुखार व अन्य लक्षणों के आधार पर तत्काल उपचार शुरू करने पर जोदिया।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने मौसम को देखते हुए सभी चिकित्सालयों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए अलर्ट रहने और वार्डों में कूलर, पंखे और ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बढ़ते तापमान को देखते हुए मौसमी बीमारियों की पुख्ता रोकथाम का बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग की ओर से 19 अप्रैल से 31 मई तक तापमान में वृद्धि होने की चेतावनी जारी की गई हैं। इसको देखते हुए सभी संस्थानों में हिट स्ट्रॉक से पीड़ितों के उपचार के लिए पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए।

निजीकरण के विरोध में ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। जोधपुर डिस्कॉम एसई कार्यालय के आगे जोधपुर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से बुधवार को राज्य सरकार द्वारा विद्युत वितरण के निजीकरण के निर्णय के विरोध में प्रदर्शन कर डिस्कॉम एसई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने इस निर्णय को लाखों उपभोक्ताओं, किसानों और कर्मचारियों के हितों के खिलाफ बताया। इस मौके पर तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन जिलाध्यक्ष मोहसिन खान ने कहा कि डिस्कॉम का निजीकरण होने की स्थिति में निजी कंपनियां राजस्व वसूली करती हैं और इससे उपभोक्ता की सेवाओं और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। स्थानीय रोजगार में कमी आएगी और ठेका कर्मचारियों का शोषण बढ़ेगा। जिलाध्यक्ष खान ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो कर्मचारी संगठन प्रदेशभर में आंदोलन करेंगे।

सार-समाचार

बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधे

नोहर, (निसं)। इस भीषण गर्मी के आने वाले मौसम में बेजुबान पक्षियों को राहत देने के उद्देश्य से युनाईटेड प्रेस सोसायटी नोहर द्वारा उपखंड कार्यालय परिसर में परिंडे बांधने का सराहनीय अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत उपखण्ड अधिकारी आईएएस राहुल श्रीवास्तव ने पक्षियों के नाम एक परिंडा कार्यालय परिसर में बांधकर विधिवत रूप से की। इस अवसर पर सोसायटी ने निर्णय लेते हुए बताया कि संस्था का प्रत्येक पदाधिकारी और सदस्य अपने-अपने स्तर पर जहां भी उचित स्थान मिलेगा, वहां परिंडे बांधकर इस अभियान को निरंतर जारी रखेगा ताकि आने वाली इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी की उपलब्धता आसानी से सुनिश्चित हो सके। उपखण्ड अधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है और इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी जाता है। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार संजीव सिहाग, एडवोकेट अजय गुरु, नन्द किशोर, महेंद्र बोहरा, मुकेश, एडवोकेट मांगीलाल, अध्यक्ष मोहरसिंह, सचिव राजीव ओझा, हरीश आचार्य कोषाध्यक्ष सोनी शर्मा, संरक्षक धर्मपाल चौधरी, प्रदीप शर्मा, नरेंद्र सोनी, रणदीप, बिसारत खान गौरी, आजम अली, विकास सोनी सहित भारी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

उपखण्ड अधिकारी के आदेश पर विकलांग महिला की पेंशन शुरू

नोहर, (निसं)। यहां उपखण्ड अधिकारी राहुल श्रीवास्तव के समक्ष गांव लाखासर निवासी शारीरिक रूप से विकलांग लिक्षमा नामक एक महिला पेश हुई एवं अपनी समस्या से अवगत कराया। महिला ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षो से पेंशन स्वीकृति हेतु विभिन्न विभागों के चक्कर लगा रही थी, किन्तु आज दिनांक तक उसकी पेंशन प्रारंभ नहीं हो पाई थी। इस पर उपखंड अधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता एवं सहानुभूतिपूर्वक लेते हुए तत्काल कार्यालय कर्मचारी पवन स्वामी को निर्देशित किया गया कि महिला की पेंशन शीघ्र प्रारंभ करवाई जाए। निर्देशों की अनुपालना में पवन स्वामी एवं रामदेव द्वारा तत्परता दिखाते हुए महिला से जनआधार प्राप्त कर राज. एस एस पी पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया गया। तत्पश्चात त्वरित कार्यवाही करते हुए तहसीलदार, नोहर एवं विकास अधिकारी, पंचायत समिति नोहर से समन्वय स्थापित कर महिला के आवेदन को तुरंत स्वीकृत करवाया गया। जिससे उसकी पेंशन प्रारंभ हो गई। पेंशन प्रारंभ होने पर महिला लिक्षमा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपखण्ड अधिकारी राहुल श्रीवास्तव नोहर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सीबीएसई बोर्ड में दसवीं कक्षा परिणाम में स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम

नोहर, (निसं)। यहां सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एंजल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एकबार पुनः बाजी मारी है। सबसे अधिक 9 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। तथा 2 बच्चों ने 95 प्रतिशत अंक से अधिक अंक प्राप्त किये। विगत वर्षों की भांति इस बार भी संस्थान का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। वैभव पुत्र अनिल कुमार 95.4 प्रतिशत अंक, प्रियांशु पुत्र राकेश 95 प्रतिशत अंक, ईशा अग्रवाल पुत्री रवि ऐरन-94.2 प्रतिशत अंक, रौनक साहेवाल पुत्री मुकेश कुमार साहेवाल-94.2 प्रतिशत अंक, प्रीतिका पुत्री सुनील कुमार 93.4 प्रतिशत अंक, पार्थ दातवानी पुत्र भरत कुमार 93 प्रतिशत अंक, महिमा पुत्री बाबूलाल सहारण 92.2 प्रतिशत अंक, नव्या शर्मा पुत्री कृष्ण कुमार शर्मा-91.6 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त की। विद्यालय निदेशिका शशि कला माहेश्वरी एवं प्रधानाध्यापक पंकज सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वाटर कूलर का उद्धघाटन किया

तारानगर (निसं)। तारानगर के श्याम सुंदर सोमानी ने अपने पिता स्वर्गीय जीवनलाल सोमानी व धर्मपत्नी स्वर्गीय दुर्गा देवी सोमानी की पुण्य स्मृति मे कस्बे के निजी शिक्षण संस्थान में एक वाटर कूलर भेंट किया जिसका भाजपा नेता राकेश जांगिड ने फीता काटकर उद्धघाटन किया।

अंबेडकर-फुले जयंती पर झुंझुनूं में जनसैलाब उमड़ा

- पांचवीं विशाल वाहन रैली से एकता का संदेश दिया

झुंझुनूं, (निसं)। सर्व समाज एकता मंच झुंझुनूं के बैनर तले भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं एवं महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के उपलक्ष में शहर में पांचवीं विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली ने पूरे शहर में सामाजिक एकता, समरसता और जागरूकता का संदेश दिया। मंच के संयोजक प्रदीप चंदेल ने बताया कि गांधी चौक से रैली को राजेश बजाड़, बसंत वाल्मिकी, विजय नायक, सुभाष डिग्रवाल, डॉ. कमल मीणा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली में सैकड़ों वाहनों के साथ युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। रैली का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। खटीक समाज द्वारा फूलों की बारिश कर भव्य अभिनंदन किया गया। वहीं रैगर समाज ने भी गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था की। रैली के दौरान जय भीम, महात्मा फुले अमर रहे और सामाजिक समरसता के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। वहीं कई स्थानों पर महापुरुषों के विचारों को लेकर पोस्टर और बैनर भी आकर्षण का केंद्र बने। अंबेडकर पार्क में बाबा साहब का 135वां जन्मदिन केक काट कर मनाया गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। ताकि आने वाली पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम में विधायक राजेंद्र भांबू, मुरारी सैनी, राजेंद्र गुढा, सैनी माली समाज के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री, विक्की जाजोरिया, शंभूदयाल नेहरा, विजय कुमार, बबलू सारवान, राजेश आलडिसया, पवन आलडिया, सुरेश बाकोलिया, प्यारेलाल बाकोलिया, मनोहर बाकोलिया, पवन चावला, पवन नेहरा, रवि खन्ना, बाबूलाल चंदेल, एडवोकेट बजरंगलाल, एडवोकेट धर्मपाल बंशीवाल, सरोज बंशीवाल, चुकी नायक, ममता गर्वा, राहुल जाखड़, पंकज गुर्जर, प्रहलाद बाकोलिया, श्यामलाल जैदिया, इमरान झुंझुनूं, सतवीर बरवड़ सर्वसमाज के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रैली गांधी चौक से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क पहुंचकर संपन्न हुई।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित

- जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिये

सीकर, (निसं)। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई, जिसमें जल जीवन मिशन एवं स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर मोदी ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक पंचायत समिति में एक-एक मॉडल विलेज कचरा संग्रहण केंद्र आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) विकसित करने के निर्देश दिए। इन केंद्रों पर अपशिष्ट प्रबंधन एवं कचरे से खाद बनाने की परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। इसके अलावा, पूर्व में एकत्रित जन सहयोग राशि का उपयोग जल जीवन मिशन की अधूरी योजनाओं के शेष कार्यों को पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान आशीष तिवारी सचिव सुजला शेखावाटी समिति ने कुंभाराम लिफ्ट परियोजना एवं यमुना जल परियोजना की डीपीआर की प्रगति की जानकारी देने का सुझाव रखा। इस पर जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक में संबंधित अधिकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी राम कुमार चाहिल ने बताया कि यमुना जल एवं कुंभाराम परियोजना का पानी आने के बाद जिले में आमजन को पेयजल की उपलब्धता में बडा सुधार होगा। उन्होंने जल जीवन मिशन की खण्डवार प्रगति, कार्यशील घरेलू जल नल कनेक्शन की स्थिति, ग्राम जल स्वच्छता समिति को हस्तांतरित योजनाओं की स्थिति, जल सेवा आंकलन, हर घर नल जल प्रमाण पत्र एवं सुजलम आईडी के बारे में अवगत करवाया।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुभाष देवंदा, डॉ. कल्पना, लक्ष्मणगढ़, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, अधीशाषी अभियन्ता पीएचईडी सुमित्रा चौधरी, वरिष्ठ रसायनज्ञ गोपाल लाल, अधीशाषी अभियन्ता धर्मपाल, सहायक अभियन्ता चतर सिंह, निरज, टी.डी केन, प्रवीण कुमार, श्रवण कुमार सहित ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

बेदखली सूचना यह कि हमारा पुत्र जयप्रकाश व हमारी पुत्रवधु श्रीमती प्रमिला हमारे कहे अनुसार नही चल रहे है और मेरा पुत्र शराबी जुआरी आवारा बदमाश प्रवृती के लोगों की संगत मे रहता है व इसी के साथ हमारी पुत्रवधु गलत लोगों के संगत मे रहती है, और हमारा सगा पुत्र जयप्रकाश व इसकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला दोनों लोगो से हमारे और हमारे परिवार वालो के नाम सामान ले लेते है और उसके द्वारा रूपये मांगने से झगड़ा फसाद करते है। मेरे तथा हमारे परिवार के द्वारा समझाने पर भी नही मानते है। और हमे आत्महत्या करने की धमकी देते है। यह कि उपरोक्त कारणों की वजह से आज दिनांक 15.04.2026 को हम हमारे पुत्र जयप्रकाश व पुत्रवधु श्रीमती प्रमिला को हमारी सम्पूर्ण जायदाद व सम्पती से बेदखल कर दिया है। आज दिनांक से हमारा पुत्र जयप्रकाश व पुत्रवधु श्रीमती प्रमिला को हमारी जायदाद व चल अचल सम्पती में किसी प्रकार को कोई हक्क व हिस्सा नही रहा है तथा हमने हमारे पुत्र जयप्रकाश व पुत्रवधु श्रीमती प्रमिला को हमारे परिवार से अलग कर दिया है। यह कि आज के बाद हमारे पुत्र व पुत्रवधु द्वारा किया गया लेनदेन व अन्य किसी प्रकार की अनहोनी और गैर कानूनी कार्य आदि करते है तो इसमे हमारे परिवार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। यह कि हमारा उक्त पुत्र जयप्रकाश व पुत्रवधु किसी प्रकार विवाद लड़ाई झगड़ा या कानूनी अपराध करते है तो हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी। यह सूचना सर्व साधारण को सूचित करते है। शपथग्रहिता - गोविन्द राम आयु 48 साल पुत्र श्री गोरधनराम, व श्रीमती सुनीता देवी आयु 40 साल पत्नी श्री गोविन्द राम जाति मेघवाल निवासी वैरासर मझला तहसील, राजगढ जिला चूरू (राज.)

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सहायक कलेक्टर महोदय, झुन्झुनूं
मंजू देवी विरूद्ध उच्छव कंवर
वाद पत्र बाबत उद्घोषणार्थ, रिकॉर्ड दुरूस्ती, विभाजन व स्थाई मु.नं. 636/24 व्यादेश अं. धारा 88,53,188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियत 1955
प्रेषित :- प्रति.नं. 2 कमला देवी पत्नी कैलाशचन्द जाति जाट, प्रति. नं. 6 चन्द्रकला पत्नी उमराव सिंह जाति जाट निवासीगण सीथल तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं (राज.), प्रति.नं. 4 गिरधारी लाल पुत्र लालचन्द जाति महाजन, प्रति. नं. 5 गौरीशंकर पुत्र द्वारका प्रसाद जाति महाजन, प्रति नं. 15 मनीराम पुत्र महावीर प्रसाद जाति जाट निवासीगण भोड़की तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 7 जयसिंह पुत्र मांगूराम जाति गुर्जर, प्रति.नं. 8 धर्मेन्द्र सिंह पुत्र सावतराम जाति जाट, प्रति.नं. 12 मुखराम पुत्र अर्जुनराम जाति जाट निवासीगण टोडी तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति.नं. 3 गिरधारी लाल पुत्र चिमनाराम जाति जाट निवासी गोदारो का बास तन सिंगनौर तहसील उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 9 नवीन कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद केडिया जाति महाजन निवासी गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 13 मंजू देवी पत्नी विधाधर जाति जाट निवासी खरबासो की ढाणी तह गुढ़ागौड़जी. जिला झुन्झुनूं, प्रति. 14 मदनलाल पुत्र पन्नालाल निवासी बड़ापाना भोड़की तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. 16 मनोज देवी पत्नी जयराम निवासी खाखला की ढाणी तन जाखल तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 17 मनोज देवी पत्नी महेश कुमार निवासी बास विसना तन भाटीवाड़ तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 18 मनोज कुमार पुत्र चन्द्राराम निवासी गुढ़ागौड़जी तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 19 मूलचन्द पुत्र लिखमाराम निवासी रघुनाथपुरा तहसील उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 21 महीपाल पुत्र रामेश्वर लाल निवासी लाडसर, प्रति. नं. 22 मातादीनसिंह मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट जयपुर ट्रस्टी सपना पत्नी ज्ञानेन्द्रसिंह राठौड़, प्रति. नं. 23 राजबाला देवी पत्नी मनीराम निवासी डूडीनगर भोड़की तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं प्रति. नं. 24 राजूराम पुत्र पालाराम निवासी ब्राह्मणो की ढाणी, प्रति. नं. 25 श्रीकान्त पुत्र भवानीशंकर निवासी गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 26 शीशराम पुत्र हरदेवाराम निवासी बिजारणियों की ढाणी तन गुढ़ागौड़जी तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं प्रति. नं. 27 सुरेन्द्रसिंह पुत्र सरदारमल निवासी दूड़िया तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं प्रति. नं. 28 सुरेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी टोडी तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. 29 सरिता देवी पत्नी महीपाल निवासी गोदारो का बास तन सिंगनौर तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 32 सीता देवी पत्नी कमलेश निवासी रामनगर तह. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं, प्रति. नं. 33 तहसीलदार गुढ़ागौड़जी तह. गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनूं
वादी मंजू देवी ने आपके विरूद्ध दावा बाबत उद्घोषणार्थ, रिकॉर्ड दुरूस्ती, विभाजन व स्थाई व्यादेश लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 20/05/2026 को दिन के 10.00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवाना प्रशनों का उतर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रशनों का उतर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपावद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज तारीख...... को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
सहायक कलेक्टर
झुंझुनूं (राज.)

स्कॉर्पियो-बोलेरो भिड़ी, छह घायल

पाटन (निसं)। क्षेत्र के कोटपूतली रोड पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब स्कॉर्पियो और बोलेरो कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोग घायल हो गए, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए कोटपूतली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिमनपुरा निवासी स्कॉर्पियो सवार बालेश्वर धाम के दर्शन के लिए कोटपूतली से पाटन की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर, बोलेरो में सवार सीताराम मीणा अपने साले की 19 अप्रैल को होने वाली शादी के लिए बच्चों को कपडे दिलाने स्यालोदडा से कोटपूतली जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक घुमाव पर दोनों गाड़ियों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में सवार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पाटन पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को कोटपूतली अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है।

शहीद की प्रतिमा का अनावरण कल

सीकर, (निसं)। जिले के लक्ष्मणगढ़ उपखंड के ग्राम अलखपुरा बोगन में वीर शहीद लांस नायक श्रीराम गिठाला की पावन स्मृति में उनकी प्रतिमा का अनावरण समारोह 17 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 10:15 बजे प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा, जबकि प्रातः 11:15 बजे से सायं 4 बजे तक सवामणी प्रसाद का आयोजन होगा। समारोह में मुख्य अतिथि राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर उपस्थित रहेंगे।

जिला प्रभारी मंत्री ने श्याम दरबार में शीश नवाया

सीकर (निसं)। जिले के खाटूश्यामजी कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में बुधवार को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा खाटूधाम पहुंचे। उन्होंने बाबा श्याम के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान एवं कोषाध्यक्ष रवि सिंह चौहान ने प्रभारी मंत्री को सम्मान किया।

अंबेडकर जंयती मनाई

चूरू (निसं)। चिकित्सा अंबेडकर संघ चूरू के बेनर तले मंगलवार शाम को पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जंयती हर्षोंल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप प्राचार्य डॉ. रमाकांत वर्मा थे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के पद चिन्हों पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा जगत में जोर देकर समाज का विकास किया। इस अवसर पर डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. सुभाष राठी, डॉ. विजेंद्र गहनोलिया, संदीप धौलपुरिया अदि उपस्थित थे।

`छोटूराम हत्याकांड में मुख्य आरोपी सहित 4 जने गिरफ्तार

खेतड़ी (निसं)। सिंघाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सुल्ताना अहिरान में एक व्यक्ति की हत्या का देर शाम को खुलासा कर दिया। इस दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित चार जनों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सुगन सिंह तीन दिन पहले किरण देवी दी कि उसके भतीजे जोनी, मनीष, दिपक, अभीषेक ने मिलकर उसके पति को जान से मारने की नियत से सिर एवं अन्य जगह पर मारपीट की, जिस पर छोटुराम को ईलाज के लिए जयपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मामले को गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आरोपीगण की तलाश के लिए टीम का गठन किया गया।

गठित टीम मामले में वाछिंत आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर सुल्तान अहिरान हाल हमीरवास की ढाणी निवासी मनीष कुमार, अभिषेक तथा दीपक व सुल्तान अहिरान निवासी मुख्य आरोपी जोनी को गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान पुछताछ में पारिवारिक रंजिश में झगड़ा होने पर मारपीट में हत्या करने की बात सामने आई है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी सुगन सिहं, एएसआई कृष्ण कुमार, विनोद कुमार, एचसी सत्यराज, सुरेन्द्र नारवाल, कांस्टेबल अजय भालोठिया, अमित कुमार, निहाल सिंह आदि शामिल थे।

रैली को लेकर उपखंड अधिकारी से अनुमति ली

- गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत 27 अप्रैल को रैली का आयोजन होगा

नोहर, (निसं)। गौ संरक्षण एवं सम्मान को लेकर चलाए जा रहे गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत 27 अप्रैल को प्रस्तावित विशाल रैली के आयोजन के लिए बुधवार को नोहर उपखंड अधिकारी राहुल श्रीवास्तव से अनुमति प्राप्त कर ली गई।

कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल को गौ सेवा के समर्थन में रैली निकालकर गौ माता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह रैली स्थानीय शादीराम पचीसिया प्राचीन शिव मंदिर पाठशाला से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई उपखंड कार्यालय पहुंचेगी जहां प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। रैली का आयोजन डेरा अमरनाथ के महंत पंचमनाथ महाराज एवं गोपालनाथ महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा।

अभियान से जुड़े गौ भक्त समाजसेवी एवं भामाशाह सुरेश पांडिया ने बताया कि 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर ज्ञापन देने के बाद 27 जुलाई 2026 को जिला कलेक्टर तथा 27 अक्टूबर 2026 को राज्य सचिव के माध्यम से भी अपनी मांग सरकार तक पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर महंत गोपाल नाथ, बंशीधर व्यास, समाजसेवी शिव भगवान पारीक, रमेश बड़सीवाल आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़(राज)
क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2026/21618034 दिनांक :-15.04.2026
आपति आमत्रंण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री देवीलाल पुत्र श्री छोगाराम जाति सोनी निवासी वार्ड नं.04 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने आवासीय भूखण्ड साईज 109.97 वर्गगज के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती शारदा देवी पति श्री महावीर प्रसाद व श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री फुलाराम के नाम से साईज 109.97 वर्गगज का जारीशुदा है। श्रीमती शारदा देवी व महावीर प्रसाद ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.07.2024 द्वारा श्री विकास कुमार पुत्र श्री रिछपाल जाति सोनी को बैचान कर दिया। श्री विकास कुमार ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 21.02.2025 द्वारा श्री देवीलाल पुत्र श्री रिछपाल को बैचान कर दिया। जिसका अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।
(शैलेन्द्र कुमार गोदारा), अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ(राज)
क्रमांक :-एफ.3/कृ.भू./ न.पा.रा./2026/130 दिनांक :-15.04.2026
आपति आमत्रंण सूचना
सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जा रहा है कृषि भूमि क्षत्रों में निम्नलिखित भूखण्डों का नियमन आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर किया जाना है। अतः नीचे अंकित किये गये नामों/रकबों के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो अपनी आपति मय सबूत छाया दिनांक से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर नगरपालिका के कमरा नं. 01 में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमन कर पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त सूची में दर्शाये गये क्षेत्र का पूर्व में नियमन कर पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा नगरपालिका किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। सूचित रहे।
1. श्री सुभाष चन्द पुत्र श्री मोमन राम जाति कुम्हार साकिन चक 5आरडब्ल्यूएम तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़, आवासीय भूखण्ड सं. 123 साईज 25 X45 का लक्ष्मी विहार कालोनी 18 डीडब्ल्यूडी में स्थित हैं।
2. श्रीमति उर्मिला देवी पति श्री पवन कुमार बंसल साकिन रावतसर जिला हनुमानगढ़, आवासीय भूखण्ड सं. 04, साईज 30X50 का सुख कालोनी प्रथम 17 डीडब्ल्यूडी में स्थित हैं।
3. श्रीमति सिलोचना पति श्री सुभाष चन्द जाति कुम्हार साकिन रावतसर, आवासीय भूखण्ड सं. 61 साईज 38'9" गुणा 52'2" का श्याम नगर आवासीय कालोनी 17 डीडब्ल्यूडी में स्थित हैं।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर